राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने बच्चों से संवाद किया, पुस्तकें और पढ़ने की सामग्री वितरित की

प्राथमिक विद्यालय में पौधारोपण किया

जयपुर, 20 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शनिवार सांय लखनऊ में प्राथमिक विद्यालय, सगामऊ में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ अभियान की शुरुआत की।

उन्होंने विद्यालय के बच्चों से संवाद कर उन्हें अधिकाधिक पेड़ लगाने और खूब पढ़कर जीवन में निरंतर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को पुस्तकें और पढ़ने की सामग्री भी वितरित की।